




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 04 मई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 209 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# सपना बना हकीकत!

# बंगाल में बीजेपी सरकार के आसार

- कई मुस्लिम बहुल इलाकों में भाजपा की जीत से टीएमसी हैरत में
- लगाया गड़बड़ी किए जाने का आरोप



**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए आज सुबह मतों की गिनती शुरू हुई जिसमें दोपहर तक प. बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी, केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ और तमिलनाडु में अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके ने निर्णायक बढ़त बना ली है। पांच राज्यों में से सबकी नजर प.बंगाल के चुनाव परिणाम पर टिकी हुई थी। जहां भाजपा शुरूआती रुझानों में भारी बहुमत से पहली बार सरकार बनाती नजर आ रही है। प. बंगाल में सरकार बनाना भाजपा के शीर्ष नेता स्व. अटल बिहारी बाजपेयी का बड़ा सपना था क्योंकि भाजपा की पूर्व पार्टी जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मस्थली रही है। इसलिए भाजपा के तमाम नेता बंगाल में सरकार बनाने का सपना देखते रहे हैं जो आज आजादी के 78 साल बाद पूरा होता दिखायी दे रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह कि बंगाल के कई मुस्लिम बहुल जिलों में भी भाजपा को बढ़त मिलती दिख रही है, जहां कई सीटों पर पार्टी के उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। हालांकि टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी अभी भी अपनी हार मानने को तैयार नहीं है। अब तक के आए रुझानों में भाजपा को मिलते स्पष्ट बहुमत के बावजूद उन्हें भरोसा है कि काउंटिंग के आखिरी चरण में पहुंचते-पहुंचते पासा पलट जाएगा और जीत टीएमसी की झोली में आएगी। बताते चलें कि खबर के लिखे जाने तक चुनाव आयोग के अपडेट के मुताबिक अभी भी कई सीटों की गिनती बाकी है जिसके बाद ही किसी पार्टी की जीता का दावा किया जा सकता है। हालांकि रुझानों के बाद ही बीजेपी ने जश्न मनाना शुरू कर दिया है और कार्यकर्ता झालमुड़ी बांटते और खाते हुए दिखे। खबर ये भी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम साढ़े छह बजे के आसपास बीजेपी मुख्यालय जा सकते हैं। अभी तक के आए रूझानों बंगाल में पहली बार बीजेपी की सरकार बनती दिख रही है। वहीं जारी मतगणना के बीच तृणमूल कांग्रेस के कई उम्मीदवारों के पिछड़ने पर पार्टी नेताओं ने 'गड़बड़ी' की आशंका जताई है। इन रुझानों से तृणमूल कार्यकर्ताओं व समर्थकों में चिंता पैदा हो गई है। कोलकाता में ममता बनर्जी के आवास के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'जय श्री राम' के नारे लगाए। पश्चिम बंगाल के बैरकपुर स्थित राष्ट्रगुरु सुरेंद्रनाथ मतगणना केंद्र पर भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई बतायी जा रही है। दूसरी तरफ कूचबिहार के दिनहाटा में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। केंद्रीय बलों ने लाठीचार्ज किया।

### ममता ने लगाया मतगणना रोकने और जानबूझ कर विलंब करने का आरोप

ममता बनर्जी ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि राज्य में कई जगहों पर महज दो-तीन राउंड की गिनती के बाद बिना तार्किक औचित्य बताए मतगणना रोक दी गई है। चुनाव आयोग पूरी प्रक्रिया में मनमानी कर रहा है। उन्होंने एक बार फिर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा उठाते हुए एक बार फिर दोहराया कि पहले से ही गड़बड़ी हो रही है ऐसे में चुनाव की पारदर्शिता पर संदेह है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था में लगे केंद्रीय बलों पर भी कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि तृणमूल कार्यकर्ताओं कार्यकर्ताओं पर अत्याचार हो रहा है। ममता बनर्जी के मुताबिक केंद्रीय बलों के जोर पर भय दिखाया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर ज्यादती और अत्याचार के अलावा कार्यालयों में तोड़फोड़ भी की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी के दफ्तरों को निशाना बनाया जा रहा है। ममता के मुताबिक बंगाल पुलिस बल स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पा रहा है। राज्य की पुलिस दबाव में काम करने के लिए मजबूर है। बगदा से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार मधुपर्णा ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुस्लिम बूथों पर टीएमसी का पीछे रहना नामुमकिन है। यह इस बात का संकेत है कि ईवीएम को हैक किया गया है।

### मुफ्ती बोलीं– बंगाल का जनादेश दिनदहाड़े लूट

जम्मू-कश्मीर में PDP नेता इल्तिजा मुफ्ती ने पश्चिम बंगाल में आए रुझानों को दिनदहाड़े लूट करार दिया। इल्तिजा ने कहा कि यह चुनाव शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था।

## असम में भाजपा की हैट्रिक



**नई दिल्ली।** असम में एक बार फिर भाजपा सरकार बनाती दिख रही है। ताजा रुझानों के मुताबिक, 126 सीट वाली असम विधानसभा में भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार कर गई है, जबकि उसके मुकाबले कांग्रेस काफी पीछे छूट गई। भाजपा की इस जी-त का शिल्पकार बताया जा रहा है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब हिमंत ने असम में भाजपा का झंडा बुलंद करने की जिम्मेदारी संभाली और उसे अंजाम तक पहुंचाया। वह ये काम 2016 से ही करते आ रहे हैं। यह बात अलग है कि उन्हें मुख्यमंत्री बनने का पहला

## पुडुचेरी में चौथे कार्यकाल की कोशिश

**नई दिल्ली।** पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव हुआ है, जहां मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी की अगुवाई वाली एआईएनआरसी चौथी बार सत्ता में लौटने की कोशिश कर रही है। नतीजे यह तय करेंगे कि मौजूदा सरकार अपनी पकड़ बनाए रखती है या बदलाव होता है। पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी थट्टांचावड़ी विधानसभा सीट से जीत दर्ज की है। पुडुचेरी में NDA गठबंधन काफी आगे चल रही है और इस जीत के साथ उम्मीद जताई जा रही है कि रंगास्वामी चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी थट्टांचावड़ी विधानसभा सीट से 4,336 से अधिक वोटों की बढ़त के साथ आगे चल रहे हैं। पिडुचेरी में 30 सीटों पर हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना के शुरुआती रुझानों में ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन बढ़त बनाए हुए है।


# केरल में लेफ्ट का आखिरी किला भी ढह गया

- कांग्रेस की अगुवाई वाला यूडीएफ स्पष्ट बहुमत की ओर
- जश्न में डूबे कार्यकर्ता

**वाम मुक्त हो गया देश**



**नई दिल्ली।** केरल में 140 सीटों वाली विधानसभा के लिए मुकाबला खासा दिलचस्प माना जा रहा है। सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट लगातार पांचवीं बार सत्ता में लौटने की कोशिश कर रहा है, लेकिन के नतीजे कुछ अलग संकेत दे रहे हैं। केरलम में कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ 71 सीटों के बहुमत का आंकड़ा पार करते ही तिरुवनंतपुरम स्थित कांग्रेस मुख्यालय में जश्न शुरू हो गया। पार्टी के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल, प्रदेश अध्यक्ष सनी जोसेफ, नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन, सांसद शशि थरूर और के. सुरेश समेत वरिष्ठ नेता रमेश चेन्नीथला ने केक काटकर खुशी मनाई। केरल में 9 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना तेज होने के साथ ही कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ बढ़त बनाता नजर आ रहा है। तिरुवनंतपुरम स्थित कांग्रेस कार्यालय में सांसद शशि थरूर समेत पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। शुरुआती रुझान एग्जिट पोल के अनुमान के अनुरूप दिख रहे हैं, जिनमें विपक्षी गठबंधन को स्पष्ट बढ़त मिलती नजर आ रही है। ज्यादातर अनुमानों में यूडीएफ एलडीएफ से आगे है। अनुमान है कि 140 सदस्यीय विधानसभा में यूडीएफ को 70 से 90 सीटें मिल सकती हैं, जो बहुमत के आंकड़े को पार करने के लिए पर्याप्त हैं। केरल की राजनीति लंबे समय से यूडीएफ और एलडीएफ के बीच बारी-बारी से सत्ता बदलने के लिए जानी जाती है। 2021 में एलडीएफ की वापसी इस परंपरा से अलग थी। अब मौजूदा एग्जिट पोल यह संकेत दे रहे हैं कि राज्य फिर उसी पुराने पैटर्न की ओर लौट सकता है, जहां हर चुनाव में सत्ता बदलती



# तमिलनाडु में नायक से जननायक



- दो साल पहले बनी पार्टी ने ध्वस्त कर दिया 77 साल पुराना किला

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में सिनेमा के सुपरस्टार्स लंबे समय तक राजनीतिक जगत में भी सुपरहीरो की छवि बनाने में सफल रहे हैं। हालांकि, जे. जयललिता के निधन के बाद से राज्य में ऐसे नेता की कमी रही थी, जो कि सिनेमाई दुनिया के साथ सियासी दुनिया का भी बड़ा चेहरा रहा हो। अब तमिलगा वेत्री कझगम की रुझानों में जबरदस्त बढ़त के बाद विजय तमिल राजनीति में उस खाली पड़ी जगह को भर सकते हैं। विजय थलापति तमिल सिनेमा में एक जाना-माना नाम हैं। सिर्फ 69 फिल्मों की फिल्मोग्राफी के साथ उन्होंने पहले ही दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार्स में अपनी जगह बना ली है। एक्टिंग के अलावा उन्हें गाने का भी शौक है। अब वह अभिनेता से नेता बन गए हैं। विजय ने अपनी राजनीतिक पार्टी 'तमिलगा वेट्री कझगम' (TVK) के बैनर तले विधानसभा चुनाव लड़ा। उन्होंने राजनीति में भी अपनी फिल्मी सफलता को दोहराया। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के शुरुआती रुझानों में उनकी पार्टी को बंपर जीत मिली। फरवरी 2024 में विजय ने अपनी राजनीतिक पार्टी 'तमिलगा वेट्री कझगम' की शुरुआत के साथ ही फिल्मों से संन्यास लेने और राजनीति में कदम रखने की घोषणा की। अप्रैल 2026 में उनकी फिल्म 'जन नायकन' के ऑनलाइन लीक होने के बाद मीडिया रिपोर्ट्स में यह संकेत मिला कि विजय केवीएन प्रोडक्शंस के साथ एक और प्रोजेक्ट पर विचार कर रहे हैं।

## शेयर बाजार में उछाल सेंसेक्स-निफ्टी बमबम

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे आने शुरू हो गए हैं. इनका सीधा असर शेयर बाजार पर भी देखने को मिल रहा है. इलेक्शन रिजल्ट डे पर सेंसेक्स-निफ्टी दोनों इंडेक्स तूफानी तेजी के साथ ओपन हुए। शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली। पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में वोटों की गिनती शुरू होने के बाद जैसे-जैसे रुझान आते जा रहे हैं, शेयर मार्केट की चाल बदलती रही। शुरुआती कारोबार में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स (BSE Sensex) ओपनिंग के साथ ही 800 अंक से ज्यादा की छलांग लगा गया, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी (NSE Nifty) भी करीब 250 अंक की तेजी लेकर कारोबार कर रहा है।

## सुल्तानपुर समाचार

### आंधी में छप्पर पर गिरी पेड़ की डाल, किसान की मौत



**सुल्तानपुर।** जिले में रविवार सुबह आई आंधी और बारिश ने कई जगहों पर तबाही मचाई। धनपतगंज क्षेत्र के रामनगर गांव में छप्पर पर पेड़ की भारी डाल गिरने से एक किसान की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं, जिले के अन्य हिस्सों में हुए हादसों में दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। रामनगर निवासी किसान अजीत सिंह (50) रविवार सुबह करीब सात बजे घर के पास स्थित ट्यूबवेल पर गए थे। वहां छप्पर के नीचे बैठकर वह गांव के नरेंद्र सिंह (62) से बातचीत कर रहे थे। तभी आंधी के चलते महुआ के पेड़ की भारी डाल छप्पर पर गिर पड़ी। हादसे में अजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

सीओ बल्दीराय आशुतोष कुमार मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रशासनिक अधिकारियों को घटना की जानकारी दे दी गई है। उधर, सदर तहसील क्षेत्र के पलहीपुर (लाला का पुरवा) में आंधी के दौरान गोशाला में काम कर रहे राम कुमार पांडेय (43) और उनकी पत्नी किरन (40) के ऊपर टिन शेड पर रखी ईंटें गिर पड़ीं, जिससे दोनों घायल हो गए। परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां से राम कुमार को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया।

## मऊ समाचार

### सरकारी भूमि पर न होने पाए कब्जा : एसडीएम

**वलीदपुर।** फार्मर रजिस्ट्री को लेकर उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री ने मुहम्मदाबाद गोहना तहसील सभागार में शनिवार की शाम सभी राजस्व निरीक्षको और लेखपालों के साथ बैठक की। उन्हों सभी राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों को दिशा निर्देश दिया। एसडीएम ने कहा कि सरकारी भूमि पर कब्जा न होने पाए। गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के बारे में ज्यादा से ज्यादा बताया जाए और जागरूक किया जाए। बैठक के बाद लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में लेखपालों ने फार्मर रजिस्ट्री को लेकर उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री को ज्ञापन सौंपा। कहा कि फार्मर रजिस्ट्री मामले में कोई बड़ी कार्रवाई हम लोगों पर न की जाए। लेखपाल और राजस्व निरीक्षक सदैव कार्यों के प्रति सत्यता और निष्ठा पूर्वक कार्य कर रहे हैं।

## प्रयागराज समाचार

### कौंधियारा में दंपती की संदिग्ध मौत, हत्या के बाद आत्महत्या की आशंका



**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के गढ़वा कला गांव में दंपती की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से सनसनी फैल गई। घर के अंदर पति का शव फांसी के फंदे से लटका मिला, जबकि पत्नी की मौत संदिग्ध हालात में हुई है। पुलिस प्रथम दृष्टया पति द्वारा पत्नी की हत्या के बाद आत्महत्या की आशंका जता रही है। मृतकों की पहचान अनिल तिवारी (36) उर्फ बबुआन पुत्र स्व. तीरथ प्रसाद तिवारी और उनकी पत्नी पूर्णिमा के रूप में हुई है। शनिवार देर शाम दोनों के बीच कहासुनी की बात सामने आई है। रविवार सुबह जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को संदेह हुआ। सूचना पर पहुंचे मृतका के भाई दिवाकर मिश्र ने जंगला तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां अनिल का शव फांसी से लटका मिला, जबकि पूर्णिमा अचेत अवस्था में पड़ी मिली, जिसकी बाद में मृत्यु हो गई। मृतका पक्ष ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि दंपती के बीच लंबे समय से विवाद और मारपीट होती थी। चार दिन पूर्व थाने में शिकायत भी दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों ने आरोप लगाया कि पूर्णिमा को जहर देकर, गला दबाकर और सिर पर प्रहार कर हत्या की गई।

## भदोही समाचार

### ट्रेन की चपेट में आने से 65 वर्षीय वृद्धा की मौत

**भदोही।** वाराणसी-जंघई रेल मार्ग पर चौरी रोड बड़ी बाग मैदान के पास रविवार को सुबह ट्रेन की चपेट में आने से 65 वर्षीय वृद्धा की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की और मृतका की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान होते-होते दोपहर के दो बज गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी सच्चिदानंद पांडेय ने बताया कि घटना सुबह 5 से 6 बजे के बीच की है। घटनास्थल के आसपास आबादी नहीं होने से सूचना देर से मिली। इस बीच दोपहर तक घटना की जानकारी होने पर मृतका के घर वालों ने पुलिस से संपर्क किया, तब जाकर मृतका की पहचान उम्मत निशा पत्नी स्व. हनीफ के रूप में हुई।

## आजमगढ़ समाचार

### संतान न होने के विवाद में पत्नी की हत्या का आरोपी पति व देवर गिरफ्तार



**आज़मगढ़।** अतरौलिया थाने की पुलिस ने रविवार को संतान न होने के विवाद को लेकर पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति और देवर को सिकंदपुर तिराहा से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पति पंकज सिंह व देवर विनय सिंह रतुआपार गांव के निवासी हैं।

थाना प्रभारी देवेंद्र नाथ दुबे ने बताया कि एक मई को जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के जमीन हरखोरी धनछुला गांव निवासी सूर्यप्रकाश सिंह ने अतरौलिया थाने पर तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री सिप्पी सिंह (36) की संतान न होने को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट कर हत्या कर दी गई। इस आधार पर थाना अतरौलिया पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने रविवार को थानाध्यक्ष देवेंद्र नाथ दूबे के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति पंकज सिंह व देवर विनय सिंह को सिकंदपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

## बलिया समाचार

### विवाहिता का कमरे में मिला शव, ससुराल वाले भागे

**हल्दी।** थाना क्षेत्र के कठहीं गांव में रविवार को विवाहिता डोली 22 वर्ष का शव बेड पर चादर ओढ़ाया हुआ मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फॉरेंसिक टीम ने कमरे की जांच कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। वहीं, ससुराल वाले घर छोड़ कर भाग गए है। विवाहिता के गले पर फंदे का निशान है। रुद्रपुर गायघाट निवासी लक्ष्मण यादव की पुत्री डोली की शादी 29 नवंबर 2025 में कठही गांव निवासी सत्येंद्र यादव से हुई थी। रविवार को करीब ढाई बजे बजे मायके वालों को कहीं से सूचना मिली तो कठहीं स्थित सत्येन्द्र के घर पहुंचे तो कमरा खुला था, डाली बेड पर थी। ऊपर हुक में साड़ी का फंदा लटकता दिख रहा था। मायके वालों ने पति, सास-ससुर, ननद व जेठ पर बार दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने व हत्या का आरोप लगाया।

## जौनपुर समाचार

### अपनी शादी का कार्ड बांटने निकले युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौत



**जलालपुर।** वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर सीएचसी रेहटी के सामने रविवार को बाइक सवार अरविंद निषाद (24) की ट्रक के चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अरविंद निषाद की 13 मई को शादी थी। वह अपनी शादी का निमंत्रण कार्ड अपने फूफा नेवादा गांव निवासी तूफानी निषाद के घर देने आया था, जो शादी में अगुवा भी थे। उसके फूफा ने अपने बगल के गांव इसमेला निवासी मुन्नू निषाद की बेटी से शादी तय कराई थी। सुजानगंज थानाक्षेत्र के चैती निवासी अरविंद निषाद अपने चचेरे भाई मुनीर निषाद के साथ अपने फूफा तूफानी निषाद निवासी नेवादा थाना जलालपुर के यहां शादी का निमंत्रण देने आए थे।

निमंत्रण देने के बाद दोनों भाई और बुआ परमशीला इनकी तीन बेटियों शिवानी, आंचल, मंजू और पवन तीन बाइक से रेहटी गांव स्थित बाइक एजेंसी में बाइक पसंद की। साथ ही लड़की पक्ष को फोन कर बताया कि बाइक पसंद कर ली है, आप लोग कल आकर फाइनेंस करा लीजिएगा। इसके बाद सभी लोग त्रिलोचन बाजार कपड़े खरीदने चले गए। त्रिलोचन से सभी अलग-अलग बाइकों से घर लौट रहे थे। सीएचसी रेहटी के सामने आगे जा रहे ट्रक को बाइक चला रहा मुनीर निषाद ओवरटेक कर रहा था, तभी पीछे से कार ने टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक के पीछे बैठा अरविंद निषाद ट्रक के नीचे चला गया, जिससे उसकी मौके मौत हो गई। वही बाइक चला रहा चचेरा भाई मुनीर निषाद आगे जाकर गिर गया, जिसे मामूली चोटे आईं। पीछे दो बाइकों से आ रही बुआ और उनकी तीनों बेटियां दुर्घटना का दृश्य देखकर दहाड़े मारकर रोने लगीं। महिलाएं रोते रोते अचेत हो जा रही थी। जिन्हें आसपास के लोग संभालने में लगे रहे। थानाध्यक्ष प्रशांत सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीसीटीवी कैमरे की मदद से गाड़ी की तलाश की जा रही है।

## गाजीपुर समाचार

### मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबने से पूर्व प्रधान की मौत

**गाजीपुर।** क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में रविवार की दोपहर मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से ट्रैक्टर चला रहे पूर्व प्रधान अखिलेश सिंह (55) की मौत हो गई। वहीं एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए उसके परिजन बलिया अस्पताल लेकर चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। थानाध्यक्ष संतोष कुमार राय ने बताया कि पूर्व प्रधान अखिलेश सिंह दोपहर करीब डेढ़ बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर मिट्टी लादकर लठ्ठूडीह- जगदीपुर गांव मार्ग पर चढ़ा रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई। इससे ट्रैक्टर- ट्रॉली चला रहे पूर्व प्रधान अखिलेश सिंह और मजदूर बॉबी देवल मिट्टी में दब गए। हादसे के बाद ग्रामीण घटना स्थल के तरफ दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रॉली के नीचे दबे दोनों लोगों को बाहर निकाला और उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया।

## गोरखपुर समाचार

### घर में कमरे के फंदे से लटका मिला शव, भाई ने लगाया हत्या का आरोप- शव रखकर प्रदर्शन



**गोरखपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र के मंतापुर टोला (चौमुखा) में शादी के महज पांच दिन बाद एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। रविवार सुबह उसका शव मकान में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मायके से पहुंचे पिता ने पति और सास के विरुद्ध हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। वहीं, शाम को पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचा तो परिजनों ने गोरखपुर-कैंपियरगंज फोरलेन मार्ग का एक लेन जाम कर दिया। हालांकि, सीओ अनुराग सिंह के समझाने के बाद जाम समाप्त हुआ और परिजन शव लेकर घर चले गए। युवती की पहचान रोशनी के रूप में हुई है। उसके पिता चंद्रकेश सहानी ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि बेटी का गांव के ही सूरज से प्रेम संबंध था और वह गर्भवती थी। शिकायत के बाद पंचायत के जरिये पांच दिन पहले दोनों की शादी कराई गई थी।

आरोप है कि शादी के दो दिन बाद से ही पति और ससुराल वाले दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। पिता का कहना है कि हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया गया। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## चंदौली समाचार

### चालक को झपकी आने से जलेबिया मोड़ पर कार पलटी, चार घायल

**चंदौली।** नौगढ़ मार्ग पर जलेबिया मोड़ के पास अनियंत्रित वाहन पलटने से पिता-पुत्र घायल हो गए। वाहन में चार लोग सवार थे। घायलों का इलाज जिला संयुक्त अस्पताल में करने के बाद डॉक्टरों ने बीएचयू वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। रविवार को आजमगढ़ निवासी सुभाष पत्नी और बच्चों के साथ राजदरी जलप्रपात देखने आए थे। वापस लौटते समय जलेबिया मोड़ पर कुंडा हेमैया के पास वाहन चालक को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सुभाष (35), बेटा सौरभ (8) घायल हो गए। उनकी पत्नी और एक अन्य पुत्र भी जख्मी हो गए। सभी को जिला संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। कोतवाल अर्जुन सिंह ने बताया कि चालक को झपकी आने से कार पलट गई।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी ने आश्रम पद्धति विद्यालय परसिया व गेंहूॅ क्रय केन्द्र समोगरा एवं पगार का किया आकस्मिक निरीक्षण



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आज जय प्रकाष नारायण आश्रम पद्धति सर्वोदय विद्यालय परसिया एवं गेंहूॅ क्रय केन्द्र समोगरा व पगार का आकस्मिक निरीक्षण किया। आश्रम पद्धति विद्यालय परसिया में जिलाधिकारी द्वारा कक्षा–6 के क्लास में पहुंचे तो अध्यापक द्वारा स्मार्ट क्लास के द्वारा अंग्रेजी के ग्रामर के बारे में बच्चों को बताया जा रहा था जिस पर जिलाधिकारी ने छात्रों से ग्रामर के अतिरिक्त व्याकरण के बारे में भी जानकारियां ली। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा सिंधु घाटी की सभ्यता कब से तथा अंग्रेजी वर्ष के बाद कितने वर्ष पुरानी है आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की व उपरोक्त के बारे में स्वंय क्लास लेते हुए बच्चों को बताया। सम्बन्धित अध्यापक से कहा कि बच्चों को पूरी तरह समझाते हुए शिक्षा प्रदान करें। तत्पश्चात कक्षा– 12 के क्लास में जे0ई0ई0 व नीट प्रतियोगिता की तैयारी की जानकारी बच्चों को दी जा रही थी जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त प्रतियोंगिताओ के अतिरिक्त सिविल प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता के बारे में भी छात्रो को मूल मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत व आत्म विश्वास ही सफलता की कुंजी है पूरे आत्म विश्वास से तैयारी करने सफलता अवश्य मिलेगी। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति पर स्थित गेंहूॅ क्रय केन्द्र समोगरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित ग्राम टांड़ निवासी कृषक राजेश दूबे जो अपना गेंहूॅ लेकर केन्द्र पर आए थे उनके द्वारा बताया गया कि 60 कुंतल का तौल करा दिया गया है। केन्द्र पर कोई असुविधा नही है। तत्पश्चात गेंहूॅ क्रय केन्द्र पगार पर निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी ने बताया कि कुल 931.50 कुतंल गेहू क्रय किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि गांव में जाकर किसानो से सम्पर्क करे तथा केन्द्र पर गेंहूॅ लाने के लिए प्रेरित करे। इस अवसर पर डिप्टी आरएमओ ने जिलाधिकारी को बताया कि सभी केन्द्र प्रभारियो को निर्देशित किया गया है किसानो को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए प्रत्येक रविवार को भी केन्द्र खुला रहेंगा। उन्होंने सभी केन्द्र प्रभारियो को रविवार को गेंहूॅ तौल कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा कृषक संतोष दूबे व लाल बहादुर से वार्ता कर केन्द्र पर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## सोनभद्र समाचार

### शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी



**सोनभद्र।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में मई महीने के प्रथम शनिवार को ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने के कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वार्मा उप जिलाधिकारी ओबरा श्री विवेक सिंह आदि ने 61 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण को निस्तारित किया गया। इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 05 मामले निस्तारित हुए, बाकी 56 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार ओबरा, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## देवरिया समाचार

### भतीजी की शादी से पहले चाचा की करेंट से मौत



**देवरिया।** जिले के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बावन टोला में रविवार शाम घरेलू बिजली की चपेट में आने से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना ऐसे समय हुई जब मृतक के घर में सोमवार को होने वाली शादी की तैयारियां चल रही थीं, जिससे खुशियों का माहौल अचानक मातम में बदल गया।

मृतक की पहचान लखनचन, बावन टोला निवासी राम सिधारे प्रसाद (35) पुत्र रामप्यारे के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार शाम करीब पांच बजे वह घर में बिजली से जुड़ा कोई काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक करेंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए।

घटना के तुरंत बाद परिजन और आसपास के लोग उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। राम सिधारे अपने पीछे पत्नी संध्या देवी और चार बेटियों को छोड़ गए हैं। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। उनकी असमय मौत से पत्नी और बच्चों का सहारा छिन गया है।

सबसे मार्मिक पहलू यह है कि मृतक के भाई संजय की बेटी ममता की शादी सोमवार को तय थी और बारात आने वाली थी। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं और रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था।

इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। जहां कुछ घंटे पहले खुशियों का माहौल था, वहां अचानक मातम पसर गया। गांव के लोग भी परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे हैं।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। युवक की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक और संवेदना का माहौल बना हुआ है।

## लाइफ मंत्र

### मई में कब मनाई जाएगी अपरा और पद्मिनी एकादशी, जानें तिथि और शुभ मुहूर्त

हिंदू धर्म हर एक एकादशी का अपना एक खास महत्व है। यह दिन भगवान विष्णु की पूजा के लिए बहुत शुभ और फलदायी माना जाता है। किसी भी महीने में दो एकादशी तिथियां होती हैं, जिसमें से पहली कृष्ण पक्ष में और दूसरी शुक्ल पक्ष में मनाई जाती है। पूरे साल में 24 एकादशियां मनाई जाती हैं। माना जाता है कि एकादशी के दिन पूरे विधि-विधान के साथ श्री हरि की पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है और जीवन के सारे कष्ट मिट जाते हैं। मई के महीने में भी दो





एकादशी तिथियां पड़ रही हैं अपरा और पद्मिनी एकादशी। तो आइए जानते हैं इन दोनों एकादशी के तिथि और शुभ मुहूर्त के बारे में-

**अपरा एकादशी मई 2026**

**एकादशी तिथि शुरू-** 12 मई 2026, दोपहर 2 बजकर 52 मिनट

**एकादशी तिथि समाप्त -** 13 मई 2026, दोपहर 1 बजकर 29 मिनट

**पारण का समय -** 14 मई 2026, सुबह 5 बजकर 31 मिनट से 8 बजकर 14 मिनट तक

**द्वादशी समाप्ति -** 14 मई 2026, रात 1 बजकर 20 मिनट

**पद्मिनी एकादशी मई 2026**

**एकादशी तिथि शुरू-** 26 मई 2026, सुबह 5 बजकर 10 मिनट

**एकादशी तिथि समाप्त-** 27 मई 2026, सुबह 6 बजकर 21 मिनट

**पारण का समय-** 28 मई 2026, सुबह 5 बजकर 25 मिनट से 7 बजकर 56 मिनट तक

**द्वादशी समाप्ति-** 28 मई 2026, सुबह 7 बजकर 56 मिनट

**एकादशी की पूजा विधि**

एकदाशी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करने के बाद साफ-सुथरे वस्त्र धारम करें और व्रत का संकल्प लें। उसके बाद घर के मंदिर की सफाई करें और गंगाजल का छिड़काव करें। फिर एक चौकी पर पीले रंग का कपड़ा बिछाकर विष्णु जी की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। अब विष्णु जी को पंचामृत से स्नान कराएं, फिर चंदन का तिलक लगाएं और पीले फूल व तुलसीदल अर्पित करें। इसके बाद श्री हरि के मंत्रों और नामों का जाप। उन्हें सूखे मेवे या घर की बनी मिठाई अर्पित करें। अंत में विष्णु जी के समक्ष घी का दीपक जलाएं और आरती करें।

जनमुख हिन्दी दैनिक सिटी लाइव
● तापमान अधिकतम : 42.5°C
● तापमान न्यूनतम : 23.0°C
● सूर्योदय : 05.26
● सूर्यास्त : 06.27
वाराणसी, 04 मई, सोमवार, 2026 (3)







## गंगा में बड़ी नावों का संचालन शुरू, छोटी नावों पर प्रतिबंध जारी

**● पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर लिया गया फैसला**

**वाराणसी।** मौसम में बदलाव और तेज हवा के कारण रविवार को जल पुलिस ने गंगा नदी में सभी प्रकार की नावों के संचालन पर रोक लगा दी थी। यह निर्णय पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया। जल पुलिस ने नदी में गश्त बढ़ा दी और नाविकों को निर्देशित किया कि जब तक तेज हवा का प्रभाव बना रहेगा, तब तक किसी भी नाव का संचालन न किया जाए। सोमवार सुबह हवा की रफ्तार कम होने के बाद बड़ी नावों और बजड़ों के संचालन की अनुमति दे दी गई। हालांकि, सुरक्षा कारणों से चप्पू नाव और इंजन वाली छोटी नावों के संचालन पर अभी भी पूर्ण प्रतिबंध जारी है। जल पुलिस प्रभारी सत्येंद्र ओझा ने बताया कि बड़ी नावों के संचालकों को केवल निर्धारित रूट पर संचालन करने और उसी मार्ग से वापस लौटने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही, पर्यटकों के लिए लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य किया गया है और क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाने की हिदायत दी गई है।

## चीनी राजदूत ने किया वाराणसी का भ्रमण

**वाराणसी।** चीन के राजदूत जू फीहोंग ने पीएम नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी का भ्रमण किया चीनी राजदूत भारत में चीन के प्रवक्ता के पद पर भी कार्यरत हैं। चीन सरकार की ओर से शीर्ष अधिकारी की काशी में लंबे समय बाद यह यात्रा है। भारत और चीन के बीच मजबूत होते डिप्लोमेटिडक संबंधों के लिए यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि पूर्व में एससीओ की बैठक में भी काशी में चीन का प्रतिनिधित्व हो चुका है। काशी पहुंचे चीनी राजदूत जू फीहोंग ने भारत चीन के पुरातन संबंधों के प्रगाढ़ स्तंभ माने जाने वाले सारनाथ परिक्षेत्र का भ्रमण कर दोनों देशों के पुराने संबंधों को याद किया।

# बंगाल में जीत पर काशी में जश्न

## ढोल-नगाड़े पर थिरके भाजपाई, मिठाई बांट कर किया खुशी का इजहार

**● गंगा घाट पर महिलाओं ने खायी झालमुड़ी, गीता मंदिर पर छोड़ी आतिशबाजी**



**वाराणसी।** पश्चिम बंगाल में कमल खिलने की जानकारी मिलते ही पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है। गंगा घाट पर महिलाओं ने झालमुड़ी खाई तो गीता मंदिर के पास नई सड़क चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ विजय उत्सव मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया और 'भारत माता की जय' तथा 'जय श्रीराम' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस जश्न में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और भाजपा के समर्थक भी शामिल हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस जीत को जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की जीत बताया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम देश की जनता के भरोसे और पार्टी की नीतियों की स्वीकृति को दर्शाता है। कार्यकर्ताओं ने इस मौके पर पार्टी के झंडे लहराते हुए भविष्य में संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने इस विजय उत्सव को एक महत्वपूर्ण अवसर मानते हुए कहा कि यह चुनावी जीत न केवल पार्टी के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने यह भी कहा कि यह जीत उन सभी लोगों की मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने पार्टी के लिए काम किया और जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों को समझा। इस उत्सव में शामिल लोगों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे के साथ मिलकर नारेबाजी की और पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत भाजपा की नीतियों और विकास के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाती है। भाजपा के स्थानीय नेता ने कहा कि इस जीत से पार्टी को और अधिक ऊर्जा मिलेगी और वे आगे भी जनता की सेवा में तत्पर रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी का लक्ष्य अब अगले चुनावों में और अधिक मजबूती से जीत हासिल करना है। इस विजय उत्सव में शामिल लोगों ने एकजुटता और उत्साह का प्रदर्शन करते हुए यह संकल्प लिया कि वे पार्टी के लिए और अधिक मेहनत करेंगे और अपने क्षेत्र में भाजपा की नीतियों को लागू करने के लिए काम करेंगे। इस प्रकार, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत ने वाराणसी में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। कार्यकर्ताओं का उत्साह और जनता का समर्थन इस बात का प्रमाण है कि भाजपा ने अपने कार्यों और नीतियों के माध्यम से लोगों का विश्वास जीता है।

## फिर आ रहे योगी दो दिन शहर के कई मार्गों पर डायवर्जन

**वाराणसी।** 5 और 6 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कमिश्नरेट वाराणसी की यातायात पुलिस ने एक विस्तृत ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। सुगम यातायात व्यवस्था और आमजन की सुविधा के लिए शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर आवश्यकतानुसार यातायात रोक और डायवर्जन लागू किए जाएंगे। 5 मई को होने वाले प्रमुख बदलावों में अमर उजाला तिराहा से वीवीआईपी आगमन से 3 घंटे पूर्व टेम्पो ट्रेवलर, बस और क्रूजर जैसे वाहनों को लहुराबीर-मैदागिन की ओर नहीं जाने दिया जाएगा, इन्हें लकड़ीमंडी की ओर डायवर्ट किया जाएगा। विशेश्वरगंज तिराहा से 1 घंटे पूर्व चार पहिया वाहन मैदागिन की ओर प्रतिबंधित रहेंगे, इन्हें गोलगड्डा तिराहा की ओर मोड़ा जाएगा। मरीमाई तिराहा से तेलियाबाग की ओर सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे, इन्हें अंधापुल और मलदहिया की ओर भेजा जाएगा।

# ऐप के विरोध में निकली पदयात्रा रोकी गयी

## कांग्रेसी नेता किए गए नजरबंद, घर पर तैनात की गयी पुलिस

**● प्रशासनिक कार्रवाई को कांग्रेसियों ने बताया घबराहट में उठाया गया कदम**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महानगर कांग्रेस कमेटी वाराणसी द्वारा आज काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में लागू की गई विभिन्न जनविरोधी व्यवस्थाओं, मंगला आरती टिकट बुकिंग पर लगाए गए 90 दिन के प्रतिबंध, ऐप आधारित दर्शन प्रणाली, स्थानीय श्रद्धालुओं की लगातार हो रही उपेक्षा तथा मंदिर प्रशासन की कार्यशैली के विरोध में प्रस्तावित पदयात्रा को प्रशासन ने बलपूर्वक रोक दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई को कांग्रेस नेताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए कड़ी निंदा की है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, इस शांतिपूर्ण कार्यक्रम से घबराए प्रशासन ने कल देर रात से ही दमनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी। कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, युवा नेताओं पूर्व जिलाध्यक्ष प्रजानाथ शर्मा, महानगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस चंचल शर्मा तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं को उनके घरों पर ही नजरबंद कर दिया गया। अनेक कार्यकर्ताओं को घर से बाहर निकलने से रोका गया, जबकि कई स्थानों पर पुलिस बल तैनात कर कांग्रेसजनों की गतिविधियों पर निगरानी रखी गई। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे के नेतृत्व में जैसे ही कांग्रेसजन पदयात्रा के लिए कार्यालय से बाहर निकले और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की ओर बढ़ने लगे, पहले से तैनात भारी पुलिस बल ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। इस दौरान कुछ समय तक तीखी नोकझोंक भी हुई। लाख अड़ंगेबाजी के बावजूद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक मैदागिन स्थित महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर एकत्रित कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध दर्ज कराया।

## एक माह तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य



**● 17 मई से लग जाएगा अधिमास, 15 जून तक रहेगा प्रभावी**

**वाराणसी।** इस वर्ष ज्येष्ठ माह में 17 मई से 15 जून तक अधिक मास लगने जा रहा है, जिसके चलते लगभग एक माह तक विवाह, गृह प्रवेश सहित सभी मांगलिक कार्यों पर विराम रहेगा। अधिक मास को अधिमास या पुरुषोत्तम मास के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि इसे अशुभ नहीं माना जाता, फिर भी पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार इस अवधि में शुभ कार्य नहीं किए जाते। धार्मिक विद्वानों के अनुसार सामान्यतः एक वर्ष में 12 माह होते हैं, लेकिन कुछ विशेष वर्षों में पंचांग के संतुलन के लिए 13वां महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिक मास कहा जाता है। यह प्रक्रिया ऋतु, पर्व और कालगणना के संतुलन को बनाए रखने के लिए आवश्यक मानी जाती है। इस बार यह संयोग ज्येष्ठ माह में बन रहा है। अधिक मास भगवान विष्णु को समर्पित होता है, इसलिए इसे अत्यंत पवित्र और पुण्यदायक माना जाता है।

## शुद्धता की जिम्मेदारी व्यापारियों की

**● मंत्री ने की मिलावट के विरुद्ध चलाए गए अभियान की सराहना**



**वाराणसी।** खाद्य पदार्थों में शुद्धता सुनिश्चित करना व्यापारी समुदाय की नैतिक जिम्मेदारी है। यह बात डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, प्रदेश के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री ने कहीं। उन्होंने खाद्य व्यापार मंडल द्वारा मिलावट के विरुद्ध चलाए गए जनजागरण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है, जिसके लिए निरंतर अभियान संचालित किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में खाद्य व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने सिगरा स्थित मंत्री के कैंप कार्यालय में उनसे शिष्टाचार मुलाकात की थी। इस दौरान मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि ऐसे प्रयासों से सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं और समाज में जागरूकता बढ़ती है।

## विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ कुलपति के अभिनंदन ग्रंथ का लोकार्पण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विश्व भोजपुरी संघ द्वारा जैन मंदिर मैदागिन में आयोजित सभा में झारखंड के लब्ध सारस्वत साहित्य साधक डॉ.रामजन्म मिश्र कुलपति विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ भागलपुर के अस्सी वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाशित अभिनंदन ग्रंथ का काशी में लोकार्पण विश्व भोजपुरी संघ के महासचिव डॉ.अपूर्व नारायण तिवारी 'बनारसी बाबू' और प्रो.श्रद्धानंद पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष काशी विद्यापीठ द्वारा किया गया। डॉ.अपूर्व नारायण तिवारी ने कहा कि प्रगतिशील वार्ता और माई पत्रिका के संपादक डॉ.रामजन्म मिश्र अपने आप में एक संस्था हैं। हमें मातृभाषा कालम में काशिका/भोजपुरी निश्चित रूप से लिखा जाना चाहिए क्योंकि ये ही हमारे पुरखों की मातृभाषा है और हमारे रग रग में है । मुख्य अतिथि डॉ.रामजन्म मिश्र ने कहा हमारे धर्म कर्म संस्कार और संस्कृति की भाषा है भोजपुरी।

## ख़लिश मखदूमाबादी की पुस्तक 'सोज़-ए-ख़लिश' का लोकार्पण




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सेंट अलहनीफ़ स्कूल, सिमरा पड़ाव रोड जिला चंदौली स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में रविवार की शाम को दिवंगत प्रख्यात शायर ख़लिश मखदूमाबादी के काव्य-संग्रह 'सोज़-ए-ख़लिश' का लोकार्पण अत्यंत गंभीर एवं विद्वतापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की संयोजक-भूमिका संस्थान के संचालक जनाब हाजी वसीम ने उल्लेखनीय निष्ठा के साथ निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ हाफ़िज़ तबरेज़ की हृदयस्पर्शी तिलावत-ए-कुरआन से हुआ, जबकि अज़ीम अख्तर की नात-ए-शरीफ़ ने समूचे परिवेश को आध्यात्मिक आभा से आलोकित कर दिया। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का संचालन जिला चंदौली डायट के उर्दू प्रवक्ता डॉ अज़हर सईद ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में प्रोफेसर डॉ. रेशमा खातून ने अतिथियों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर नसीम अहमद (पूर्व अध्यक्ष, उर्दू विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) की दो महत्वपूर्ण कृतियाँ 'इंतिखाब़-ए-कुल्लियात-ए-सौदा' एवं 'कुल्लियात-ए-मीर' संस्थान के निदेशक हाजी वसीम साहब को इस आग्रह के साथ भेंट की गई कि उन्हें संस्थान के पुस्तकालय में सुरक्षित स्थान प्रदान किया जाए।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## संकल्प ने विश्व शांति के लिए किया अनुष्ठान



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** समाज सेवा में अग्रणी संकल्प संस्था ने रविवार को अपने पंजीकृत कार्यालय, पार्वतीपुरी, कमच्छा में विश्व कल्याण और शांति के लिए विशेष पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ सपत्नीक मुख्य यजमान संकल्प संस्था के संरक्षक अनिल कुमार जैन व गीता जैन एवं कोषाध्यक्ष आलोक जैन व संगीता जैन द्वारा पंडित मून महाराज के आचार्यत्व में सविधि पूजन किया गया। पूजन में सम्मिलित संस्था के सदस्यों ने विश्व शांति और समृद्धि के लिए सहयोग और भाईचारे का संदेश समाज तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनिल कुमार जैन ने कहा कि 'संकल्प संस्था समाज में सकारात्मक बदलाव, शांति और कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## चाचा को मृत दिखाकर भतीजों ने हड़पी जमीन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के राजातालाब तहसील क्षेत्र में धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है, जहां जीवित व्यक्ति को मृत दिखाकर उनकी जमीन हड़पने का आरोप लगा है। पीड़ित ने इस संबंध में एसडीएम राजातालाब से शिकायत की है, जिसके बाद मामले की जांच तहसीलदार को सौंपी गई है। ग्राम कचनार, राजातालाब निवासी दीनदयाल उर्फ सभूति ने अपने सगे भतीजों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके अनुसार, उनके जीवित रहते हुए उन्हें राजस्व रिकॉर्ड में मृत दर्शा कर उनकी पैतृक भूमि का वारिस केवल विभूति के पुत्रों के नाम दर्ज करवा लिया गया। तीनों भतीजों ने जब फ़र्ज़ी वसीयत से काम नहीं हुआ तो लगभग पाँच वर्ष पहले कूटरचित दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार किए।



## सफेद बालों की टेंशन खत्म! घर पर आजमाएं यह HeRal Collagen Treatment, Hair Fall भी होगा कंट्रोल



समय से पहले सफेद हो रहे बालों को रोकने के लिए घर पर बना कोलेजन ट्रीटमेंट एक प्रभावी उपाय हो सकता है। जटामांसी, आंवला और गुड़हल जैसी जड़ी-बूटियों से तैयार यह हर्बल हेयर पैक बालों को प्राकृतिक रूप से काला, घना और मजबूत बनाने में मदद करता है। खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान और केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का अधिक इस्तेमाल से कम उम्र में ही सफेद बालों की समस्या देखने को मिलती है। आजकल तो 20 साल के लड़के-लड़कियों के बालों में नेचुरल चमक खो गई है। खासकर 35 से 40 की उम्र के बाद तो यह समस्या और भी बढ़ जाती है। अगर आपको नेचुरल तरीके से बालों को काला, मजबूत और घना बनाना है तो आप घर पर बी कोलोजन ट्रीटमेंट का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह हर्बल हेयर पैक आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है।

**कोलाजेन ट्रीटमेंट के लिए हेयर पैक की सामग्री**

-2 से 3 चम्मच जटामांसी
-1 बड़ा चम्मच आंवला पाउडर
-3 से 4 संतरे के छिलके
-4 से 5 गुड़हल के फूल
-1 बड़े बर्तन में पानी

**कोलाजेन ट्रीटमेंट के लिए हेयर पैक बनाने की विधि**

- सबसे पहले एक बड़े बर्तन में पानी भरकर उसे गैस पर चढ़ा दें। जब पानी हल्का गर्म होने लगे, तो इसमें धीरे-धीरे से जटामांसी डालें। जटामांसी बालों की जड़ों को शांत करके और समय से पहले सफेद बाल होने की समस्या को कम करता है।
- इसके बाद इसमें आंवला पाउडर डालें। आंवला बालों की देखभाल के लिए बेहद प्रभावी तत्व माना जाता है, जो उनकी प्राकृतिक काली चमक को बनाए रखने में सहायक होता है। यह न केवल बालों में अच्छी चमक लाता है, बल्कि उन्हें मजबूत बनाकर झड़ने और टूटने की समस्या को भी कम करता है।
- इसके बाद इसमें सूखे संतरे के छिलकों का पाउडर मिलाएं। संतरे के छिलकों में भरपूर मात्रा में मौजूद विटामिन-सी सिर की त्वचा को साफ रखने में मदद करता है और बालों की बढ़त को प्रोत्साहित करता है। इससे बालों में ताजगी आती है और वे हल्के व साफ-सुथरे महसूस होते हैं।
- इसके बाद इसमें गुड़हल के फूल मिलाएं। गुड़हल को बालों के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है, क्योंकि यह जड़ों को पोषण देकर उन्हें मजबूत बनाता है। साथ ही, यह बालों के झड़ने की समस्या को कम करने में भी सहायक होता है।
- अब इस तैयार मिश्रण को धीमी आंच पर अच्छी तरह उबालें। करीब 15-20 मिनट तक इसे पकने दें, ताकि सभी जड़ी-बूटियों के गुण पानी में पूरी तरह घुल जाएं। जब पानी का रंग गहरा हो जाए और उसमें हल्की खुशबू आने लगे, तब गैस बंद कर दें।
- अब इस मिश्रण को कुछ देर ठंडा होने के लिए छोड़ दें, फिर इसे छानकर किसी साफ कंटेनर में अलग कर लें। यही तैयार तरल आपका कोलेजन युक्त हर्बल हेयर रिंस या हेयर पैक के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

**कैसे करें इस्तेमाल**

तैयार किया पानी को शैम्पू करने के बाद बालों पर अच्छे से लगाएं। इसे स्कैल्प से लेकर बालों की लंबाई तक लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। इसे 10 से 15 मिनट तक बालों में लगा रहने दें और फिर इसको सादे पानी से धो लें। यदि आप हफ्ते में दो बार ट्राई करती हैं, तो आपको बालों में ज्यादा फर्क देखने को मिलेगा।



## मां के लिए परफेक्ट हैं ये Trending Silver बिछिया, देखें Latest Designs

**मदर्स डे पर अपनी मां को कुछ खास तोहफा देना चाहते हैं तो चांदी की बिछिया एक बेहतरीन विकल्प है। लेख में स्टर्लिंग सिल्वर, स्टोन वर्क, पीकॉक और फ्लावर शेप जैसी कई लेटेस्ट डिजाइन वाली बिछिया के बारे में बताया गया है, जो मां के लिए एक यादगार उपहार साबित होंगी।**

हर साल मई के महीने में मदर्स डे को काफी धूमधाम से सेलिब्रेट किया जाता है। इस खास डे पर बच्चे अपनी मम्मी को खुश करने के लिए तमाम सरप्राइज गिफ्ट देते हैं। अपनी मां को यादगार तोहफा देना और इस पल को सेलिब्रेट करना काफी शानदार होता है। यदि आप भी इस मदर्स डे पर अपनी मम्मी को खुश करना चाहते हैं, तो उन्हें कुछ लेटेस्ट और नए डिजाइन वाली बिछिया गिफ्ट कर सकते हैं, ये बिछिया पैरों की शोभा बढ़ाएंगी।

**स्माल स्टर्लिंग सिल्वर डिजाइनर बिछिया**

मदर्स डे के खास मौके पर अपनी मां को गिफ्ट में खूबसूरत स्टर्लिंग सिल्वर डिजाइनर बिछिया दे सकते हैं। इन दिनों इस तरह की बिछिया का ट्रेंड काफी चल रहा है और यह उनके पैरों में खूबसूरती के चार चांद लगा देगी। इस तरह की बिछिया को आप बाजार से खरीद सकते हैं या फिर ऑनलाइन भी देख सकते हैं।

**स्टोन वाली बिछिया**

अपनी मां को गिफ्ट में आप स्टोन वाली चांदी की बिछिया दे सकते हैं, इस तरह की डिजाइन वाली बिछिया आपको बजट में मिल जाएंगी। यह तोहफा आपकी मम्मी के लिए सबसे बेस्ट हो सकता है। इस पल को यादगार बनाने के लिए स्टोन सर्कुलर वाली बिछया गिफ्ट कर सकते हैं।

**पीकॉक शेप बिछिया**

मदर्स डे को खास बनाने के लिए आप अपनी मम्मी को गिफ्ट सबसे बेहतरीन पीकॉक शेव स्टोन वाली बिछिया दे सकते हैं। इन दिनों इस तरह के डिजाइन काफी ट्रेंड में है।

यह डिजाइन मम्मी को काफी पंसद आएगा। इसको आप नजदीका बाजार से खरीद सकते हैं या डिजाइन को बनवा सकते हैं।

**फ्लावर शेप बिछिया**

आजकल फ्लावर शेप की बिछिया काफी ट्रेंड में हैं। इस तरह के डिजाइन लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इस मदर्स डे आप भी अपनी मम्मी के लिए फ्लावर शेप बिछिया को गिफ्ट कर सकते हैं। यह डिजाइन मम्मी के पैरों में चार चांद लगा देंगे। इसको आप ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं या फिर बाजार से भी खरीद सकते हैं।

**क्रिस्टल एनामेल टो रिंग्स**

इस तरह की खूबसूरत एनामेल टो रिंग्स को गिफ्ट कर सकते हैं।

यह डिजाइन आपकी मम्मी को काफी पसंद आएगी। किसी भी नजदीकी सुनार की दुकान से इस तरह की डिजाइन को खरीद सकते हैं या फिर ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से भी खरीदा जा सकता है। यह गिफ्ट देखकर आपकी मम्मी काफी खुश हो जाएगी।

## धूप से झुलसी त्वचा के लिए रामबाण है यह Homemade उबटन, मिलेगा Instant Glow



गर्मी में धूप से हुई टैनिंग और बेजान त्वचा के लिए एक्सपर्ट ने एक खास होम-मेड उबटन का तरीका बताया है। पुदीना, दही, और नींबू के रस से बना यह सस्ता फेस पैक त्वचा की खूबसूरती बढ़ाकर उसे ग्लोइंग बनाने में मदद करता है।

गर्मी में सबसे ज्यादा समस्या धूप से होने वाली टैनिंग से होती है। गर्मियों में कई तरह की समस्याओं से गुजरना पड़ता है। अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाना चाहते हैं और त्वचा संबंधी समस्याओं को कम करना चाहते हैं, तो अब आप इस उपाय को करना शुरु कर दें। इस दौरान आप घर पर खास उबटन को तैयार कर सकते हैं, जो आपकी खूबसूरती को बरकरार रख सके। आइए जानते हैं इस खास होममेड उबटन को बनाने का सही विधि।

**चेहरे के एकदम खास है ये होममेड उबटन**

स्किन संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए आपको महंगे प्रोडक्ट खरीदने की कोई जरुरत नहीं है। अब आप घर पर ही इस खास उबटन को बना सकते हैं। इससे आपकी स्किन ग्लोइंग होगी और सारी टैनिंग भी दूर हो जाएगी। इसे बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री चाहिए, जैसे कि-

**उबटन बनाने के लिए सामग्री**

-पुदीने के पत्ते का पेस्ट
-दही
-नींबू का रस
-गुलाब जल

**उबटन बनाने का तरीका**

- घर पर इस खास उबटन को बनाने के लिए सबसे पहले आप पुदीने की पत्तियों से पेस्ट बनाएं।
- इस पेस्ट में थोड़ा दही और नींबू का रस मिला लें।
- फिर इन सभी सामग्री को अच्छे से मिक्स कर लें और इसमें ऊपर से थोड़ा गुलाब जल मिला दें।
- तैयार है आपका खास होममेड उबटन।
- इसको अपने चेहरे पर कम से कम 40 मिनट तक लगाएं।
- इसके बाद अपने चेहरे को साफ पानी से धो लें।
- इससे आपको काफी फर्क दिखेगा।
- यदि आप इस उबटन का पहली बार इस्तेमाल कर रहे है, तो सबसे पहले पैच टेस्ट जरुर करें।
- इसके बाद ही इसका इस्तेमाल करें। इस उबटन का एक हफ्ते में दो बार इस्तेमाल करना चाहिए।
- इसे लगाने के लिए आप सबसे पहले अपने चेहरे को साफ पानी से धो लें। इसके बाद लगाएं।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान रत्न रुद्राक्ष थैरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682